# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**निगरानी संख्या–602/2016/बांसवाड़ा**

श्री कौशल अग्रवाल पिता श्री विनोदजी अग्रवाल, निवासी कुशलबाग पैलेस, बांसवाड़ा। ....प्रार्थी

बनाम

1. कलक्टर (मुद्रांक), वृत्त, उदयपुर।
2. राजस्थान सरकार जरिये उप–पंजीयक बांसवाड़ा।
3. गौतम माली पिता स्व. श्री भूरा जी माली निवासी गांधीमूर्ति के पास, बासंवाड़ा।

...अप्रार्थीगण

**एकलपीठ**
**श्री नत्थूराम, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री अभिषेक अजमेरा
अभिभाषक ....प्रार्थी की ओर से

श्री जमील जई
उप–राजकीय अभिभाषक ....अप्रार्थी सं. 1 व 2 की ओर से

नाम तर्क किया गया ...अप्रार्थी संख्या 3

**निर्णय दिनांक : 31.05.2017**

**निर्णय**

**1.** यह निगरानी प्रार्थी द्वारा विद्वान कलक्टर (मुद्रांक) उदयपुर (जिसे आगे **'कलक्टर'** कहा गया है) के आदेश दिनांक 22.02.2012 प्रकरण संख्या 41/2008 व आदेश 9 नियम 13 सपठित धारा 151 सीपीसी पर पारित निर्णय दिनांक 11.08.2014 के विरूद्ध राजस्थान मुद्रांक अधिनियम, 1998 (जिसे आगे **'मुद्रांक अधिनियम'** कहा गया है) की धारा 65 के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई है, जिसमें अधीनस्थ न्यायालय द्वारा निर्णय दिनांक 22.02.2012 द्वारा उप–पंजीयक, बांसवाड़ा द्वारा प्रस्तुत रेफरेन्स को स्वीकार किया है तथा प्रार्थी द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही को निरस्त करवाने हेतु आदेश 9 नियम 13 सपठित धारा 151 सीपीसी के प्रार्थना पत्र को निर्णय दिनांक 11.08.2014 द्वारा खारिज किया गया है।

**2.** प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि विक्रेतागण ने पैतृक संयुक्त खातेदारी व कब्जे काश्त की जमाबन्दी खाता नं. 79(नई) 383 (पुरानी) का सर्वे नम्बर 2515/1188 रकबा 01 बीघा, 13 बिस्वा कृषि भूमि वाके गांव बासंवाडा पटवार हल्का बासंवडा तहसील एवं जिला बासंवाडा ने प्रार्थी को 25 लाख रू. में कृषि भूमि का सौदा हूआ जिनको चैक द्वारा भगुतान किया गया। व उपपंजीयक, बासंवाडा के यहा दिनांक 03.09.2007 को दस्तावेज पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया जिसके तहत धारा 54 के तहत प्रमाण पत्र व दस्तावेजों को निष्पादित किया गया और कृषि भूमि की डी.एल.सी. के अनुसार नियमानुसार जांच कर, मुद्रांक कर 1,62,500/– व पंजीयन शुल्क 25,000/– रू. वसूल करके मूल दस्तावेज लौटा दिये गये। तत्पश्चात उप–पंजीयक, बासंवाडा द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष रेफरेन्स प्रार्थना पत्र

लगातार.........2

प्रस्तुत कर कृषि भूमि को आवासीय मानते हुये मुद्रांक कर कम अदायगी मानते हुए प्रस्तुत किया। अधीनस्थ न्यायालय ने अपने निगरानीधीन एकपक्षीय निर्णय दिनांक 22.02.2012 द्वारा उप–पंजीयक के रेफरेन्स को स्वीकार करते हुए सम्पत्ति की मालियत 28,74,960/– मानते हुए कमी मुद्रांक कर 1,66,400/– रू. एवं कमी पंजीयन शुल्क 21,850/– रू., शास्ति 250/– कुल राशि 1,88,500/– रू प्रार्थी से वसूल करने का आदेश पारित किया गया। प्रार्थी ने एकपक्षीय निर्णय को निरस्त कराने हेतु आदेश 9 नियम 13 सपठित धारा 151 सीपीसी का प्रार्थना पत्र दिनांक 23.01.2013 प्रस्तुत किया जो निर्णय दिनांक 11.08.2014 द्वारा अस्वीकार किया गया जिनके विरूद्ध प्रार्थी द्वारा यह निगरानी प्रस्तुत की गई है।

3. निगरानी दर्ज की जाकर रिकार्ड व अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थी सं. 1 व 2 की ओर से विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक उपस्थित आये। अप्रार्थी संख्या 3 का नाम विद्वान अभिभाषक प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर इस आधार पर तर्क किया गया कि अप्रार्थी संख्या 3 विक्रेता है तथा मुद्रांक कर आदि की देयता का दायित्व प्रार्थी क्रेता का है।

4. बहस विद्वान अभिभाषक उभयपक्ष सुनी गई।

5. विद्वान अभिभाषक प्रार्थी की ओर से कथन किया गया कि आदेश दिनांक 22.02.2012 इस आधार पर निरस्त किये जाने योग्य है जो कि विपक्षी द्वारा अधीनस्थ न्यायालय को रेफरेन्स किया गया है व नॉन स्पीकिंग था, जिसमें कोई विशिष्ट कारण व आधार अंकित ही नही किये गये। केवल मात्र नोटिस अन्तर्गत धारा 54 मुद्रांक अधिनियम में यह उल्लेख किया है कि विलेख द्वारा अन्तरित संपत्ति का प्रचलित बाजार दर/निरीक्षण द्वारा सही मार्केट के आधार पर कमी मुद्रांक कर जमा करावें। इस प्रकार मुद्रांक कर की कमी अदायगी के सम्बन्ध में रेफरेन्स संधारणीय व पोषणीय नही था जो कि आक्षेप काल बाधित (टाईम बार्ड) जिसके आधार पर रेफरेन्स प्रस्तुत करना न्यायोचित नहीं था। अधीनस्थ न्यायालय ने प्रार्थी को विधिवत सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नही किया है। अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय Non Speaking व Non Reasoned है। निर्णय साइक्लोस्टाइल है तथा मात्र रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए पारित किया गया है। विद्वान अभिभाषक ने निगरानी स्वीकार कर रेफरेन्स खारिज करने हेतु निवेदन किया।

6. विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक ने कथन किया कि अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय विधिसम्मत है, अतः निगरानी खारिज की जावें।

7. हमनें पत्रावली का अवलोकन किया व बहस पर मनन किया। न्यायालय निर्णय निम्न प्रकार है :–

8. प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत धारा 5 मियाद अधिनियम का प्रार्थना पत्र सशपथ होने, निर्णय गुणावगुण के आधार पर श्रेयस्कर होने की दृष्टिगत स्वीकार किया जाकर निगरानी अन्दर मियाद मानी जाती है।

लगातार.........3

